Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to ensure benefit of Fasal Bima Yojana to farmers of Hanumangarh and Sriganganagar districts in Rajasthan-Laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मेरे संसदीय क्षेत्र में बहुत से किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ अभी भी नहीं मिल पा रहा है । बैंक और बीमा कंपनियों के द्वारा गलत डाटा अपलोड करने के कारण बहुत से किसानों को प्रीमियम जमा करने के बाद भी नुकसान के हर्जाने के रूप में मिलने वाला लाभ अभी तक नहीं मिल सका है । वर्ष 2019 से लेकर वर्ष 2020 के मध्य बहुत से किसान इस योजना के लाभ से वंचित रह गए है । जिला हनुमानगढ़ में पीलीबंगा तहसील के बहुत से किसानों की बरानी भूमि को इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा गलत अंकित किया गया है, ऐसे ही श्रीगंगानगर जिले में सूरतगढ़ तहसील के किसानों को केवल बुवाई प्रमाण पत्र जमा नहीं करवाने पर इस योजना के लाभ से वंचित रखा गया है। केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के वंचित किसानों को इस योजना का लाभ जल्द से जल्द दिया जाए ।